

# हर्बल टूथपेस्ट हर उपभोक्ता की पसंद

*हर कोई उत्सुक होगा यह जानने के लिए कि आखिर रोज़ाना नियमित रूप से सुबह-सुबह जागने के बाद सबसे पहले जो चीज़ मुंह में जाती है वह टूथपेस्ट। आज बाज़ार में टूथपेस्ट के अनगिनत ब्रांड हैं लेकिन इनमें से कौन सा ब्रांड उचित होगा, किस पर उपभोक्ता भरोसा करें यह तय करना बहुत कठिन है फिर भी उपभोक्ता अपने टूथपेस्ट से इतनी अपेक्षा तो रखते ही हैं कि वह दांतों को बेहतर तरीके से मजबूत और सुंदर बनाए रखे। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में हर ब्रांड अपने उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहता है उसके लिए प्रचार-प्रसार के एक से एक पैंतरे अपनाए जाते हैं, उत्पादक कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते उपभोक्ताओं के बीच पहुंचने का। कई ब्रांड तो बहुत स्पष्ट संदेश के साथ दांतों की सुरक्षा, उनकी सफेद चमक के लिए दावे भी करते हैं।*

उपभोक्ता के लिए यह निर्णय कर पाना बहुत ही कठिन हो जाता है कि आप क्या चाहते हैं और आपको क्या नहीं लेना है। बहुत से उपभोक्ता रसायन आधारित पदार्थों से बचने के लिए हर्बल टूथपेस्ट अपनाते हैं। आप हर्बल टूथपेस्ट को चुनने पर भरोसा करते हैं जो कि आपको एक सामान्य टूथपेस्ट इस्तेमाल करने की श्रेणी से अलग करता है।

इन हर्बल टूथपेस्ट की वास्तविकता जांचने के लिए 'कंस्यूमर वॉयस' ने हर्बल टूथपेस्ट के विभिन्न ब्रांड खुदरा बाज़ार से खरीदे और उनकी एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशाला में जांच कराई गई कि हर्बल टूथपेस्ट के इन विभिन्न ब्रांड में किन घटकों / अवयवों का इस्तेमाल किया गया है, साथ ही उनसे जो अपेक्षा एक उपभोक्ता को होती हैं क्या उन्हें पूरा करते हैं।

| निम्नलिखित ब्रांड का परीक्षण किया गया |
|---|
| **फ्लोराइडेटेड टूथपेस्ट** |
| कॉलगेट हर्बल |
| पतंजली दंत कांति |
| हिमालया कंपलीट केयर |
| नीम एक्टिव |
| **नॉन फ्लोराइडेटेड टूथपेस्ट** |
| हर्बोडेंट |
| बबूल नीम |
| मेसवाक कंपलीट ओरल केयर |
| **प्रकार निर्धारित नहीं किया गया** |
| डाबर लाल |
| अमर प्रिमियम |
| विको वज्रदंति |
| **दंत मंजन (प्रकार निर्धारित नहीं किया गया)** |
| डाबर लाल पाउडर |
| एमडीएच पाउडर |

### जांच के मुख्य परिणाम

**कंस्यूमर वॉयस बताता है**

**हर्बल टूथपेस्ट पूरी तरह हर्बल नहीं होते**

वास्तविक मायने में हर्बल का जो अर्थ होता है वह 'कंस्यूमर वॉयस' द्वारा जांच किए गए हर्बल टूथपेस्ट में से किसी में भी नहीं पाया गया। सभी हर्बल टूथपेस्ट में 90 प्रतिशत सामान्य टूथपेस्ट में प्रयोग किए जाने वाले घटकों से बनाए गए। मुश्किल से 2.5 प्रतिशत या इससे थोड़ा बहुत अधिक ही हर्बल सामग्री/घटक इन टूथपेस्ट में पाए गए।

सच तो यह है कि यदि आप अपना टूथपेस्ट इस्तेमाल करने से पहले उसमें इस्तेमाल किए गए घटकों के गुणों को समझने के लिए तीन मिनट का समय दें तो आपको जल्दी–जल्दी अपने टूथपेस्ट का ब्रांड नहीं बदलना पड़ेगा, क्योंकि सभी ब्रांड के टूथपेस्ट के तात्विक गुणों और घटकों में कोई खास अंतर नहीं होता यहां तक कि हर्बल टूथपेस्ट में भी लगभग वही सामग्री होती है।

### कंस्यूमर वॉयस के अनुसार इन टूथपेस्ट को चुन सकते हैं डाबर लाल और कोलगेट

- यदि आप रूचि रखते हैं कि टूथपेस्ट में कुछ अधिक झाग निकले और फ्लोराइड भी हो तो कोलगेट बेहतर विकल्प है।
- यदि आप पसंद करते हैं कि आपके टूथपेस्ट में स्वाद भी हो और टूथब्रश करने के बाद मुंह में स्वाद रहे तो आपके लिए डाबर लाल बेहतर विकल्प है।

**नोट**– 'कंस्यूमर वॉयस' सिर्फ परीक्षण में अव्वल आने के आधार पर एक बेहतर विकल्प बता रहा है। हम यह नहीं कह रहे कि ये टूथपेस्ट ब्रांड पूरी तरह से हर्बल या प्राकृतिक हैं।



जब तथाकथित हर्बल टूथपेस्ट की संरचना के बारे में देखते हैं, तो आप यह जानेंगे कि आपका हर्बल टूथपेस्ट अन्य ब्रांड के रसायनयुक्त टूथपेस्ट से पांच प्रतिशत ही अलग है। हालांकि यहां कुछ ऐसे ब्रांड हैं जो कि अपने पूरी तरह से प्राकृतिक बूटियों आदि से बने होने, रसायन मुक्त होने के आदि दावे करते हैं। लेकिन इनमें से कोई भी वास्तविक रूप से पूरी तरह 'हर्बल' नहीं होता। हर्बल टूथपेस्ट के लिए कोई विशेष रूप से भारतीय मानक नहीं बनाए गए हैं, इसके लिए जांच टीम ने आईएस 6356–2001, के आधार पर परीक्षण किया जो कि कैल्शियम कार्बोनेट आधारित टूथपेस्ट के लिए है।

### कंस्यूमर वॉयस के अनुसार दंत मंजन में इन्हें चुन सकते हैं

**कोई नहीं**

हमने यहां दो ब्रांड के दंत मंजन की जांच की एक डाबर लाल और एमडीएच जो कि जीवाणु जांच में और हाइजिन के आधार पर सुरक्षित नहीं पाए गए।

**नोट–** दंत मंजन का इस्तेमाल तो आज के ज़माने की बात भी नहीं रह गई अब तो सिर्फ टूथपेस्ट का इस्तेमाल टूथब्रश के साथ किया जाता है और वही दांतों की सुरक्षा और स्वस्थ रखने के लिए अच्छा रहता है।

### संवेदी जांच

**सबसे पसंदीदा**

पैनल के विशेषज्ञों द्वारा की गई संवेदी जांच में डाबर लाल सबसे पसंदीदा टूथपेस्ट साबित हुआ। बबूल और अमर दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे।

**सिर्फ ठीक रहे**

मेसवाक ब्रांड पैनल के विशेषज्ञों द्वारा सबसे कम पसंद किया गया।

### जीवाणु जांच

**विफल**

विको टूथपेस्ट, डाबर लाल दंत मंजन और एमडीएच दंत मंजन जीवाणु जांच में टोटल वाएबल काउंट (टीवीसी) की जांच में विफ़ल रहे और भारतीय मानक द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक पाए गए।



### कीमत में किफायती

**डाबर लाल**

**100 ग्राम–38 रुपए**

### सामान्य जांच के परिणाम

- **पैकिंग**

टूथपेस्ट को पीवीसी खोलने–बंद करने वाली (कोलापॉसिबल) ट्यूब में पैक किए जाता है जिससे कि इस्तेमाल करने में ब्रश करते समय आसानी से निकल सके। टूथपेस्ट की ट्यूब फूड ग्रेड गुणवत्ता की होती है क्योंकि टूथपेस्ट जिस ट्यूब में पैक होता है उससे सीधे संपर्क में उससे लगा हुआ होता है। सभी ब्रांड के टूथपेस्ट पीवीसी खोलने–बंद करने वाली ट्यूब में प्रिंट गत्ते वाले पैक में ही पैक किए गए थे। दंत मंजन भी पीवीसी बोतल में पैक किए गए थे इसलिए पैकिंग के लिए सभी ब्रांड को समांतर अंक मिले।

- **मार्किंग और लेबलिंगः**

इसके अलावा नाम, प्रकार, बैच नंबर, कीमत और इस्तेमाल करने के लिए दी गई सलाह टूथ पेस्ट और पाउडर पर होनी चाहिए जो उपभोक्ता की जानकारी के लिए जरूरी हैं। साथ ही यह भी जानकारी होनी चाहिए कि पैकिंग को किस तरह से दोबारा से प्रयोग के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है और कवर का क्या किया जा सकता है।

- किसी टूथपेस्ट ब्रांड के पैकिंग पर दोबारा इस्तेमाल के योग्य बनाने के लिए साथ ही पर्यावरण को कोई हानि न पहुंचे इसके लिए किसी प्रकार की सलाह नहीं दी गई थी।

### हर्बल टूथपेस्ट व पाउडर का तुलनात्मक कार्य–निष्पादन चार्ट

| | | हर्बल टूथ पेस्ट | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रांड→ पैरामीटर↓ | भारांक % | डाबर लाल   | कोलगेट   | हर्बोडेंट   | बबूल   | पतंजली   | |
| मूल्य (रुपए) / वज़न (ग्राम) | | 38/100 | 44/100 | 89/100 | 60/185 | 35/100 | |
| प्रति (5ग्राम) की कीमत (रुपए) | | 1.9 | 2.2 | 4.4 | 1.62 | 1.75 | |
| **1. सामान्य परीक्षण** | | | | | | | |
| 1.1 पैकेजिंग | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | |
| 1.2 मार्किंग | 6 | 4.8 | 5.4 | 5.4 | 4.2 | 5.4 | |
| 1.3 कुल वज़न | 3 | 3.0 | 3.0 | 2.98 | 2.87 | 3.0 | |
| **2. संवेदी पैनल परीक्षण*** | 25 | 20.25 | 18.0 | 15.55 | 19.92 | 17.1 | |
| **3.फ़िज़ियो–केमिकल परीक्षण** | | | | | | | |
| 3.1 झाग की मात्रा (फोमिंग पॉवर) | 16 | 15.32 | 16 | 15.32 | 12.13 | 12.8 | |
| 3.2 पीएच (pH) | 5 | 4.68 | 4.36 | 4.50 | 4.74 | 4.25 | |
| 3.3 बारीक (फाइन नेस) | 5 | 4.25 | 4.92 | 4.94 | 4.89 | 3.9 | |
| 3.4 फ्लोराइड आयन | 6 | 3.87 | 4.44 | 6.0 | 4.61 | 5.90 | |
| 3.5 किरकिरापन (ग्रिटि मैटर) | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | |
| 3.6 समानता (होमोजेनिटि) | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | |
| 3.7 भारी तत्व (हेवी मेटल) | 8 | 8.0 | 8.0 | 8.0 | 7.92 | 7.92 | |
| **4. जीवाणु तत्व परीक्षण** | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | |
| **ओवरऑल स्कोर % (राउंडिड)** | **100** | **90** | **90** | **89** | **87** | **86** | |

**रेटिंग:** >90 – बहुत अच्छा *****, 71–90. अच्छा****, 51–70. औसत ***, 31–50. खराब **, <30 – बहुत खराब*

* संवेदी पैनल परीक्षण : इस परीक्षण में टूथपेस्ट इस्तेमाल करने में आसान, स्वाद, अनुभूति, ब्रश करने के बाद का अहसास, एक घंटे तक अनुभूति और कुल मिलाकर निर्णय शामिल किए गए।

| | | | | | | हर्बल दंत मंजन # | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | हिमालया | अमर (प्रिमियम) | नीम | मेसवाक | विको | डाबर लाल | एमडीएच |
| |   |   |   |   |   |   |   |
| | 45/100 | 30/100 | 59/200 | 72/200 | 63/100 | 30/100 | 60/150 |
| | 2.25 | 1.5 | 1.47 | 1.8 | 3.15 | 1.5 | 2.0 |
| | | | | | | | |
| | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| | 5.4 | 4.2 | 4.2 | 4.2 | 4.2 | 4.8 | 4.2 |
| | 3.0 | 2.99 | 2.99 | 3.0 | 3.0 | 3.0 | 2.99 |
| | 15.1 | 18.95 | 16.67 | 14.3 | 16.52 | 18.12 | 15.97 |
| | | | | | | | |
| | 14.66 | 11.99 | 11.99 | 12.0 | 8.8 | # | # |
| | 3.78 | 4.73 | 4.80 | 4.34 | 4.60 | 3.32 | 3.46 |
| | 4.58 | 4.57 | 4.93 | 4.59 | 4.24 | 1.5 | 1.5 |
| | 5.69 | 3.63 | 2.14 | 4.26 | 4.11 | 4.52 | 2.12 |
| | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| | 8.0 | 7.92 | 8.0 | 8.0 | 8.0 | 7.84 | 8.0 |
| | 12 | 12 | 12 | 12 | 2.4 | 3.24 | 2.4 |
| | **86** | **85** | **82** | **81** | **70** | **72** | **65** |

**#** दंत मंजन में झाग बनने की क्षमता लागू नहीं होती।

### ये टूथपेस्ट हर्बल क्यों नहीं हैं?

भारतीय बाज़ार में हर्बल टूथपेस्ट की मांग सिर्फ उन उपभोक्ताओं के बीच है जो कि रसायनिक पदार्थ आधारित टूथपेस्ट से बचना चाहते हैं और 'प्राकृतिक' के रूप में उसका विकल्प तालशते हैं। आपने कभी ध्यान से दोनों ही तरह के टूथपेस्ट को देखा हो तो दोनों में ही स्थिरता, टैक्सचर एक समान होता है कोई अंतर नहीं होता। अंतर होता है तो सिर्फ रंग और स्वाद का। अधिकतर हर्बल टूथपेस्ट सफ़ेद रंग के नहीं दिखते लेकिन उनमें रंगों की सीमा होती है और उनका स्वाद हल्का मीठा, कुछ कच्ची प्राकतिक वनस्पतियों के जैसा स्वाद होता है। इन सामग्रियों को रसायन, कीटनाशक पदार्थों और ग्रॉथ हार्मोन के साथ में ट्रीट नहीं करना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्यवश भारत में ऐसा कोई भी ब्रांड नहीं है जो कि अपने 'प्राकृतिक' होने का दावा करे।

हमें कोई विशेष अंतर सामान्य टूथपेस्ट और हर्बल टूथपेस्ट में नहीं मिला। साधारण या नियमित (गैर हर्बल) प्रयोग किए जाने वाले टूथपेस्ट में कैल्शियम कार्बोनेट और सिलिका, झाग की मात्रा, मिठास सोडियम सेकरिन आदि होते हैं। किसी भी साधारण टूथपेस्ट में 90 प्रतिशत इन सभी की ही मात्रा होती है। बाकी 10 प्रतिशत या फ़िर ब्रांड के अपने कुछ अपने तत्व, स्वाद आदि चीज़ें मिलाई जाती हैं साथ ही अपने उत्पाद को बेचने का क्या पैंतरा/तरीका अपनाया जाता है। यानी की उसकी यूनिक सेल प्रपोज़िशन क्या है? कोई भी टूथपेस्ट अपने आपको किस संदेश के साथ बेच रहा है? उपभोक्ताओं से क्या अपील कर रहा है? इसी 10 प्रतिशत में हर्बल टूथपेस्ट में लगभग 2.5 प्रतिशत या फिर इससे कुछ अधिक आयुर्वेद तत्व मिलाए जाते हैं। जिससे टूथपेस्ट हर्बल बन जाता है और उपभोक्ता उस पर भरोसा करते हैं।

**सच यह है:** वॉयस सोसायटी द्वारा परीक्षण किए गए हर्बल टूथपेस्ट में सिर्फ बहुत सीमित मात्रा में ही हर्बल पदार्थों का अर्क होता है।

- अमर, बबूल, नीम, मेसवाक, विको और एमडीएच दंत मंजन ने इस्तेमाल करने के निर्देश भी नहीं दिए हुए थे।

- **कुल वज़न**

सभी ब्रांड का वज़न किया गया और उसके कुल दिए गए दावा किए हुए वज़न से तुलना की गई। भारतीय माप विद्या के अनुसार किसी भी उत्पाद के कुल 100 ग्राम के वज़न से 4.5 ग्राम तक कम होना तो मान्य है लेकिन उससे अधिक नहीं। 100–200 ग्राम के पैकेट में केवल 4.5% तक ही मात्रा कम हो सकती है।

- बूबल ब्रांड द्वारा पैकेट पर दावा की मात्रा से 7.48 ग्राम टूथपेस्ट कम पाया गया। लेकिन अनुमेय त्रुटि के अंतर्गत ही था।
- बाकी अन्य सभी ब्रांड में दावा की हुए वज़न के आधार पर ही पाए गए। सभी ब्रांड को वज़न के लिए पूरे अंक प्राप्त हुए।

### भौतिक–रसायन जांच

- **झाग की मात्रा**

सोचिए, यदि आप पेस्ट करें और उसमें झाग न बनें!!!

जांच के दौरान झाग की मात्रा को मापने के लिए एक मापने वाला ग्लास सिलेंडर (बीकर) लिया गया था। टूथपेस्ट को सिलेंडर मे डाला गया और उसमें 100 मिलीलीटर पानी मिलाया गया और उससे अच्छे तरीके से हिलाकर मिलाया गया। मापने वाले सभी सिलेंडर को तब तक हिलाया/मिश्रित किया गया जब तक उस टूथपेस्ट के झाग बनाने की क्षमता थी।

- कोलगेट ब्रांड में सबसे अधिक 160 मि.ली. झाग की मात्रा बनी जो कि सबसे अधिक थी।
- बाकि सभी ब्राड में 50 मि.ली. / 100 मि.ली से अधिक झाग की मात्रा बनी।
- भारतीय मानक के अनुसार झाग की मात्रा हर्बल टूथपेस्ट में 50 मि.ली./100 मि.ली. से ऊपर होनी चाहिए, सभी ब्रांड में इससे ऊपर ही झाग की मात्रा पाई गई। बाकी सभी ब्रांड में 50 मि.ली./100 मि.ली. तक झाग की मात्रा बनी इसलिए सभी को समान अंक मिले।

- **जीवाणु जांच**

हर्बल टूथपेस्ट और पाउडर की जीवाणु जांच के लिए तीन रोगाणुओं की जांच की गई। एक टोटल वाएबल काउंट (टीवीसी) और ग्राम निगेटिव पैथोजन की जांच

भारतीय मानक के आधार पर की गई। टीवीसी 1000 से अधिक नहीं होना चाहिए तथा रोगजनक (ग्राम–निगेटिव पैथोजन) बिल्कुल नहीं होना चाहिए।

- विको टूथपेस्ट भारतीय मानक के अनुकूल नहीं था इसमें सबसे अधिक 44,400 टीवीसी पाए गए।
- डाबर लाल और एमडीएच दंत मंजन भी जांच में फेल हो गए उनमें टोटल वाएबल काउंट 13,040 और 24,970 पाई गईं।

- pH लेवल :

टूथपेस्ट का pH लेवल तटस्थ या उसके आसपास ही लगभग में होना चाहिए। इसमें सबसे बेहतर 5.5–10.5 यूनिट होना जरूरी है।

- टूथपेस्ट और पाउडर के कुछ ब्रांड में तटस्थता के नजदीक ही पाए गए, लेकिन सभी आवश्यक इकाई के भीतर थे।

- **उत्कृष्टता**

टूथपेस्ट और पाउडर की उत्कृष्टता की जांच दो प्रकार की 150 माइक्रोन और 75 माइक्रोन की छलनी में की गई। 150 माइक्रोन की छलनी के लिए वज़न दर वज़न 1 प्रतिशत है। ऐसे ही 75 माइक्रोन की छलनी के लिए वज़न दर वज़न फ्लोराइड और नॉन फ्लोराइड दोनों के लिए 2.5 प्रतिशत होना चाहिए।

- सभी टूथपेस्ट ब्रांड जरूरत के अनुकूल पाए गए।

- **फ्लोराइड ऑयन**

टूथपेस्ट में और दांतों की सफ़ाई करने वाले पदार्थों में फ्लोराईड ऑयन की मात्रा दांतों को कैविटी/कीड़ा लगने से बचाने के लिए होती है। फ्लोराईड दांतों के लिए बेहद लाभदायक होता है। दांतो में दर्द या किसी प्रकार से दांतों का खराब होना या टूटना भी रोकता है। साथ ही दांतों की चमक को भी बरकरार रखता है।

वे ब्रांड जो की खुद को 'फ्लोराइडेटेड' होने का दावा करते हैं उनमें 1000 पीपीएम से अधिक फ्लोराइड नहीं होने चाहिए। बगैर फ्लोराइड वाले टूथपेस्ट में 50पीपीएम सक अधिक नहीं होना चाहिए।

- सभी ब्रांड में फ्लोराइड की मात्रा भारतीय मानक के अनुसार पाई गई।

**टूथपेस्ट में किरकिरापन**

यह जांच टूथपेस्ट में ठोस तंतुओं की जांच करने के




लिए की गई। थोड़ा सा टूथपेस्टबटर पेपर पर लेकर उसे अंगुलियों से पेपर पर मसलकर देखा गया। उसे बटर पेपर पर पड़ने वाले निशान बयां करते हैं कि टूथपेस्ट में कितना किरकिरापन/ठोस पदार्थ है। टूथपेस्ट नियमित इस्तेमाल करने वाली चीज़ है इसलिए इसकी यह जांच जरूरी है कहीं इसमें कुछ ठोस पदार्थ दांतों के लिए नुकसानदेह तो नहीं।

- सभी ब्रांड इस जांच में सफल रहे।

- **समरूपता**

कोई भी उपभोक्ता नहीं चाहता कि टूथपेस्ट ट्यूब में से बहुत ठोस रूप में टूथपेस्ट निकले न ही यह चाहते कि पेस्ट इतना पतला हो कि वह ट्यूब में ही न रुक सके। कमरे के तापमान के अनुसार, ट्यूब में पेस्ट का पदार्थ इस तरह से होना चाहिए कि वह आसानी दबाने पर आराम से ब्रश पर रखा जा सके।



- सभी ब्रांड समरूपता की जांच में सफल रहे और सभी को समांतर अंक भी मिले।

### • निकोटीन

इसमें कोई दो राय नहीं कि इसका बुरा प्रभाव होता है। इसमें तंबाकू की मात्रा होती है। (ब्रश के साथ दांतों को अधिक चमक देने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है) यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी हर्बल टूथपेस्ट के ब्रांड मे इसकी मिलावट तो नहीं की गई हमने इसकी जांच की।

- जांच किए गए किसी भी ब्रांड में निकोटिन की मात्रा नहीं पाई गई।



एमडीएच दंत मंजन

### • भारी धातु

टूथपेस्ट भारी धातु का प्रयोग न्यूनतम मात्रा में निर्देशानुसार ही किया जाता है। अधिक मात्रा नुकसान देह हो सकती है। सभी ब्रांड में सीसा और आर्सेनिक की मात्रा की जांच की गई। सीसा की मात्रा 20पीपीएम से अधिक नहीं होनी चाहिए और आर्सेनिक की मात्रा भी 2पीपीएम से अधिक नहीं होनी चाहिए।

- सभी ब्रांड में धातु की मात्रा निर्धारित मात्रा से कम ही पाई गई।

## संवेदी जांच

संवेदी जांच के लिए उन लोगों को चुना गया जो धूम्रपान न करते हों, शराब का सेवन न करते हों, तंबाकू और च्विंगम न खाते हों साथ ही किसी प्रकार की खांसी और जुकाम से पीड़ित न हों। यहां तक की उनकी किसी दंत विशेषज्ञ के यहां जांच न चल रही हो। पैनल के प्रत्येक सदस्य ने टूथपेस्ट को रोजाना दो या तीन बार इस्तेमाल किया। इसके बाद उन्होंने अपने निर्णय, अपना अनुभव विभिन्न मापदंडों के आधार पर सांझा किया।

**इस्तेमाल में आसान :** इस्तेमाल करने वालों ने ट्यूब को नीचे की तरफ से दबाया और पेस्ट ट्यूब से लेने में आसान रहा।

**सनसनी / ठंडापन :** ब्रश करते समय दांतों में मुंह में किसी प्रकार की ठंडक या कोई और सनसनी महसूस होती है।

| ब्रांड | 25 में से अंक मिले |
|---|---|
| डाबर लाल * | 20.25 |
| कोलगेट | 18.0 |
| हर्बोडेंट | 15.55 |
| बबूल | 19.92 |
| पतंजली | 17.1 |
| हिमालया | 15.1 |
| अमर | 15.1 |
| नीम | 16.67 |
| मेसवाक | 14.30 |
| विको | 16.52 |
| डाबर लाल पाउडर | 18.12 |
| एमडीएच दंत मंजन * | 15.97 |

* डाबर लाल टूथपेस्ट संवेदी परीक्षण में सबसे अव्वल रहा

**स्वादः** स्वाद के लिए टूथपेस्ट करने वालों की पसंद के अनुसार दिए गए।

**ब्रश करने के बाद का एहसासः** ब्रश करने के बाद कुल्ला करने पर मुंह में कैसा एहसास होता है। उसे ही बताया गया।

**30 मिनट या एक घंटे बाद भी रहती है ताजगी/सनसनीः** ब्रश करने के काफी समय बाद या फिर नाश्ता आदि करने के बाद भी टूथपेस्ट करने का एहसास उसकी ठंडक/ताजगी मुंह मे रहती है। या

सभी ब्रांड को प्रत्येक मापदंड के लिए 10 में से अंक दिए गए। ये अंक हमें प्रत्येक ब्रांड का पूरी तरह से कार्य निष्पादन का आंकलन कराते हैं।

